गणित की जांच कैसे करें

ASER

यहाँ से शुरु करें

घटावः 2 अंकों का हासिल के साथ

बच्चे को घटाव के सवाल दें। वह सवाल खुद चुन सकता है। यदि वह नहीं चुनता है तो आप चुनें।

बच्चे से संख्याएं पूछें और फिर बच्चे को घटाव का चिन्ह पहचानने को कहें।

यदि बच्चा संख्याएं और चिन्ह पहचान लेता है तो उसे सवाल लिखने एवं हल करने को कहें। देखें कि क्या वह उस सवाल का सही उत्तर देता है।

यदि बच्चा घटाव का पहला सवाल गलत करे तब भी उसको दूसरा सवाल दें और ऊपर लिखी गई प्रक्रिया से जरूर करवायें। अगर बच्चे का दूसरा सवाल सही है तो उसे पहले सवाल को दोबारा करने की कोशिश करने दें।

यदि बच्चा जल्दबाजी में सवाल हल करने में कोई मामूली सी गलती करे तो उसे वही सवाल दोबारा हल करने को कहें।

*यदि वह **दोनों घटाव के सवाल नहीं** कर पाता है, तो उसे संख्याएं (10–99) पहचानने को कहें।*

अगर वह घटाव का केवल एक सवाल गलत करे तो उसे संख्याए (10–99) पहचानने को कहे।

संख्या पहचान (10–99)

बच्चों को दी गई सूची से कोई 5 संख्या पहचानने को कहें। बच्चे को स्वयं संख्या चुनने दें। अगर वह नहीं चुन पाता है तो आप किन्ही 5 संख्याओं को पहचानने को कहें।

यदि वह **5 संख्याओं में से कम से कम 4** को सही पहचानता है तो उसे **'संख्या पहचान 10–99'** स्तर में चिन्हित करें।

यदि बच्चा 10–99 तक की संख्याएं पहचानने में असफल रहता है तो उसे 1–9 अंक पहचानने को कहें।

अंक पहचान (1–9)

बच्चों को दी गई सूची से कोई 5 संख्या पहचानने को कहें। बच्चो को स्वयं चुनने दें। अगर वह नहीं चुन पाता है तो आप किन्ही 5 संख्याओं को पहचानने को कहें।

यदि वह **5 अंकों में से कम से कम 4 अंक** सही पहचानता है तो उसे **'अंक पहचान 1-9'** तक के स्तर पर चिन्हित करें।

अगर बच्चा 'अंक पहचान 1–9' के स्तर पर नहीं है (अंको को नहीं पहचान सकता है) तो उसे **'कुछ नहीं'** स्तर पर चिन्हित करें।

नोटः बच्चे को घरेलू सर्वेक्षण प्रपत्र के पीछे सवाल हर करने को कहें।

*यदि वह **दोनों** घटाव के सवाल सही हल कर देता है, तो उसे भाग का एक सवाल करने को दें।*

भाग 3 अंकों को 1 अंक से

बच्चे को भाग के सवाल दिखाएं। वह एक प्रश्न चुन सकता है। यदि वह नहीं चुनता है तो आप चुनें।

उसे सवाल लिखने और हल करने को कहें।

देखें वह क्या करता है। यदि वह सवाल हल करने में सफल होता है, तो उसे **'भाग स्तर'** में चिन्हित करें। **नोट** : भागफल व शेषफल दोनों सही होने चाहिए।

यदि बच्चा जल्दबाजी में सवाल हल करने में कोई मामूली सी गलती करे तो उसे वही सवाल दोबारा हल करने को कहें।

*यदि वह भाग का सवाल सही करने में असफल रहता है तो उसे **'घटाव स्तर'** में चिन्हित करें।*


MATH TEST/गणित SAMPLE(3)

अंक पहचान 1–9		संख्या पहचान 11–99		घटाव		भाग
1	4	52	83	36 − 29	64 − 39	8)979(
7	3	37	27	43 − 28	25 − 17	6)823(
6	9	55	28	93 − 76	75 − 57	7)975(
5	2	91	65	52 − 15	66 − 49	4)513(
		36	43			

सर्वे शीट पर बच्चे का सबसे उच्चतम स्तर चिन्हित करें।